हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

11 भारत को जानो प्रतियोगिता के कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग ...



12 ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गरजीं नर्सिंग ...



खबर संक्षेप

पिस्तौल व जिंदा कारतूसों के साथ युवक पकड़ा

चरखी दादरी। अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्पेशल स्टाफ दादरी की टीम ने युवक को अवैध पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव मिसरी निवासी सचिन के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना बौंद कलां में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश की टीम ने आरोपी युवक को गुप्त सूचना के आधार पर रेड मारकर काबू किया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

संदिग्ध ठिकानों पर डॉग स्क्वायड के साथ दी दबिश

चरखी दादरी। एसपी लोगेश कुमार पी के दिशा-निर्देशन में सोमवार को दादरी शहर और गांव चरखी में पुलिस टीमों ने विशेष सर्च अभियान चलाया। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महेंद्रगढ़ चुंगी और चिड़िया मोड़ नाका के समीप बनी झुग्गी-झोपड़ियों में तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों की जांच करते हुए आसपास के क्षेत्रों को भी खंगाला। थाना सदर प्रभारी सतबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ गांव चरखी में दबिश दी।

सीआईए ने अवैध हथियार सहित युवक को दबोचा

चरखी दादरी। दादरी जिला पुलिस के सीआईए स्टाफ ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान कबीर नगर निवासी सावन के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से देशी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार की टीम ने आरोपी युवका को गुप्त सूचना के आधार पर छापामारकर काबू किया था। पुलिस ने हथियार व कारतूस कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ थाना सदर दादरी में केस दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

मेरी फसल-मेरा ब्यौरा और गिरदावरी रिपोर्ट हो रही बेमेल

किसान कम दामों पर बाजरा बेचने को मजबूर, घंटों करना पड़ रहा इंतजार

एक-एक किसान को टोकन जारी करने में दस से 15 मिनट का वक्त लग रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



बाजरा सरकारी भाव पर बेचने को लेकर मेरी फसल मेरा ब्यौरा व पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी बेमेल हो रही है। जिस वजह से मार्केट कमेटी में किसानों को गेट पास या टोकन जारी करने में परेशानी हो रही है। एक-एक किसान को टोकन जारी करने में दस से 15 मिनट का वक्त लग रहा है। बल्कि कई किसानों की फसलों की गिरदावरी या मेरी फसल मेरा ब्यौरा का रिकार्ड मिसमेच होने की वजह से बाजरा नहीं बिक पा रहा है। जिससे किसानों को औने पौने दामों पर बेचना पड़ रहा है। दूसरी तरफ किसानों के वाहनों की लंबी लाइन होने की वजह से उनको घंटों घंटों लाइनों में खड़े होकर इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे किसानों का समय भी बर्बाद हो रहा है साथ में उनको आर्थिक परेशानी भी उठानी पड़ रही है।

रविवार को छुट्टी होने व सोमवार को मंडी खुली तो अनेक किसान अपनी बाजरे की फसल लेकर मंडी में पहुंच गए। किसानों को मार्केट कमेटी के कार्यालय के बाहर ही गेट पास व टोकन जारी करवाना होता है। इस दौरान मोबाइल पर ट्रैक्टर अन्य वाहन का फोटो भेजा जाता है और किसान की मेरी फसल मेरा ब्यौरा का पंजीकरण जांचा जाता है। इस दौरान अगर किसान के खेतों की पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी व मेरा फसल मेरा ब्यौरा का रिकार्ड मेल खाता है तो उस किसान को टोकन जारी कर दिया जाता है। अगर किसान के रिकार्ड का मेल नहीं होता तो उस किसान का टोकन जारी नहीं होता। उस किसान को मंडी में लगे हेल्प डेस्क के पास भेज दिया जाता है। जिस वजह से किसानों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। आज सुबह से लेकर शाम तक इसी तरह की समस्या बनी रही।

364 किसानों के टोकन काटे

मार्केट कमेटी के सचिव संदीप ने बताया कि रविवार को सरकारी छुट्टी होने व सोमवार को मंडी खुलने के बाद किसानों की संख्या ज्यादा आई है। सभी किसानों के कागजाता व फसलों का मिलान करके उनको टोकन दिए जा रहे है। कुछ किसानों की मेरी फसल मेरा ब्यौरा तथा पटवारी द्वारा दी गई गिरदावरी रिपोर्ट का मिलान नहीं हो रहा है। उनको तहसील कार्यालय द्वारा बैठाए गए कर्मचारी के पास भेजा जाता है और उसके सामने आई समस्या को दूर करवाया जा रहा है। अधिकांश किसानों का बाजरा सरकारी भाव पर बेचा जा रहा है। सोमवार को 364 किसानों के टोकन काटे गए है।

बाजरे की बंपर आवक के बीच मंडी में निरीक्षण के लिए पहुंची टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ कुछ किसानों की फसल का वेरिफिकेशन पूरा नहीं होने के कारण परेशानी हुई, जबकि कुछ को ऑनलाइन पोर्टल पर दूसरे जिलों का दिखाया

दादरी की नई अनाज मंडी में सोमवार को बाजरे की बंपर आवक के बीच मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों की जांच से मार्केट कमेटी प्रशासन में हलचल रही। रविवार को अवकाश के दिन क्षेत्रीय प्रशासक जितेंद्र कुमार के औचक निरीक्षण के बाद सोमवार को पहुंची टीम ने मार्केट कमेटी कार्यालय में खरीद से संबंधित रिकॉर्ड खंगाला। करीब एक घंटे तक दस्तावेजों की जांच के बाद टीम वापस लौट गई। वहीं सोमवार को सुबह से ही किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों में बाजरा लेकर नई अनाज मंडी पहुंचने शुरू हो गए थे। आवक बढ़ने के कारण एक समय मंडी के गेटों से काफी दूर तक ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें नजर आईं। मंडी में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात नजर आए। कुछ किसानों की फसल का वेरिफिकेशन पूरा नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी हुई, जबकि कुछ किसानों को ऑनलाइन पोर्टल पर दूसरे जिलों का दिखाया गया। इसके चलते ऐसे किसानों को एक बार अपनी बाजरे की फसल लेकर बैरंग लौटना पड़ा।

सोमवार सुबह क्षेत्रीय प्रशासक गुरुग्राम की ओर से गठित टीम मार्केट कमेटी सचिव बसंत कुमार के नेतृत्व में दादरी मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंची। टीम में सहायक सचिव सतपाल यादव, मंडी सुपरवाइजर अनिल, जयकिशन, एआर टेकचंद, क्लर्क राजकुमार, प्रवीन आदि शामिल रहे। रविवार को जोनल एडमिनिस्ट्रेटर जितेंद्र कुमार ने अवकाश के दिन मंडी का औचक निरीक्षण किया था। उन्होंने किसानों और आढ़तियों से खरीद व्यवस्था की जानकारी लेने के साथ मार्केट कमेटी के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे।

पिकअप में पटाखे ले जा रहे दो युवकों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

■ पुलिस टीम ने 54 कार्टून पटाखे किए बरामद, कुल वजन 151.918 किलोग्राम

थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने पिकअप गाड़ी में बिना लाइसेंस अवैध पटाखे लेकर जा रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना बवानी खेड़ा के उप निरीक्षक नीर कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त एवं पड़ताल ड्यूटी पर गांव भुरटाना में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि पिकअप गाड़ी में दो व्यक्ति पटाखे लेकर तोशाम की तरफ आ रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत गांव किरावड बस अड्डे पर नाकाबंदी की गई।

र्रनाकाबंदी के दौरान सूचना के आधार पर पिकअप को रुकवाकर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी में भारी मात्रा में पटाखे भरे हुए मिले। पुलिस टीम द्वारा गाड़ी में रखे पटाखों के संबंध में संबंधित लाइसेंस एवं परमिट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लेकिन गाड़ी सवार व्यक्ति कोई वैध लाइसेंस/परमिट प्रस्तुत नहीं कर सके। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुकुल निवासी वार्ड 12, तोशाम तथा मोतीराम निवासी वार्ड -2, तोशाम के रूप में की गई। पुलिस टीम द्वारा पिकअप गाड़ी को कब्जे में लेकर उसमें रखे 54 कार्टून पटाखे बरामद किए गए, जिनका कुल वजन 151.918 किलोग्राम है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मुकुल ने तोशाम में दुकान कर रखी है तथा मोतीराम पिकअप का चालक है। दोनों आरोपी दीपावली के अवसर पर बिक्री करने के लिए पटाखे फतेहाबाद से खरीदकर तोशाम लेकर आ रहे थे।

डिटेक्टिव स्टाफ ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

लोहारू। पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा के आदेशानुसार बिना लाइसेंस अवैध हथियार रखने तथा अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के सख्त निर्देशों की पालना में लोहारू डिटेक्टिव स्टाफ ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार डिटेक्टिव स्टाफ ने जनवरी 2026 में एक आरोपी राकेश को अवैध देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया था तथा जिसके संबंध में बहल पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी की पूछताछ के बाद अवैध हथियार सप्लाई करने वाले एक आरोपी सुनील का नाम सामने आया था। उक्त मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध देशी अथियार उपलब्ध करवाने वाले आरोपी सुनील को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुनील को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया तथा न्यायालय ने आरोपी को जिला जेल भिवानी भेजने के आदेश दे दिए।

आरोपी सुनील को अदालत ने जिला जेल भेजा

मंडी के गेट पर 24 घंटे पटवारी रहेंगे तैनात

■ विधायक सांगवान ने किसानों-आढ़तियों की समस्याओं का मौके पर करवाया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भिवानी। मंडी में पहुंचे किसान से बातचीत करते विधायक सुनील सांगवान। फोटो : हरिभूमि

दादरी की नई अनाजमंडी में फसलों की खरीद प्रक्रिया और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए विधायक सुनील सांगवान ने सोमवार को मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मार्केट कमेटी कार्यालय में किसानों और आढ़तियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राष्ट्रदीप परमार और जिला परिषद अध्यक्ष मंदीप डालावास सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

विधायक सांगवान ने खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर मंडी में फसल आवक, खरीद तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खरीद को लेकर किसानों और आढ़तियों की ओर से कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई है। कुछ छोटी दिक्कतें सामने आई थीं, जिनका मौके पर ही समाधान करवाया। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि जिन किसानों का अनाज पोर्टल पर वेरिफाई नहीं हो पाया है, उनकी सुविधा के लिए मंडी गेट पर पटवारी की तैनाती की जाएगी। अनाज की आवक जारी रहने तक पटवारी 24 घंटे गेट पर मौजूद रहकर मौके पर ही वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करेगा। विधायक सांगवान ने अधिकारियों से बातचीत कर तत्काल पटवारी की तैनाती सुनिश्चित करवाई।

भोजन की गुणवत्ता जांची: वहीं मंडी परिसर में संचालित अटल किसान-मजदूर कैंटीन का निरीक्षण करते हुए विधायक ने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, मात्रा और कैलोरी से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से किसानों और मजदूरों को मात्र 10 रुपये में थाली उपलब्ध करवाई जा रही है।

सतगामा खाप तोशाम बंटा गुटों में दोनों ने अलग-अलग प्रधान चुने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एक गुट ने जोगेंद्र सिंह बागनवाला तो दूसरे गुट ने संजय बागनवाला को माना सतगामा खाप का प्रधान

रविवार को पंचायत में जोगेंद्र बागनवाला को प्रधान नियुक्त करते हुए पगड़ी पहनाकर किया था सम्मानित

सतगामा खाप तोशाम में दो गुट बन गए हैं। एक पक्ष ने जहां तोशाम में आयोजित पंचायत में जोगेंद्र बागनवाला को प्रधान पद के लिए चुना तो दूसरे पक्ष ने खरकड़ी माखवान में आयोजित पंचायत में संजय बागनवाला को प्रधान पद के लिए चयन किया है। मालूम हो कि रविवार को जाट धर्मशाला तोशाम में आयोजित पंचायत में जोगेंद्र बागनवाला को प्रधान नियुक्त करते हुए पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया था। वहीं दूसरा पक्ष गांव खरकड़ी माखवान में एकत्रित हो गया। काफी चर्चा के बाद खरकड़ी माखवान में आयोजित पंचायत में संजय बागनवाला को प्रधान पद के लिए चुन लिया। झांवरी के कमल सिंह यादव को उप-प्रधान व सागवान निवासी शेर सिंह यादव को सचिव पद के लिए चुना गया। इस सम्बंध में तोशाम स्थित जाट धर्मशाला में प्रधान के लिए चुने गए जोगेंद्र बागनवाला ने बताया कि बैठकर मामले का हल निकाला जाएगा। दूसरी ओर खरकड़ी माखवान में आयोजित पंचायत में प्रधान के लिए चुने गए संजय बागनवाला ने बताया कि भाईचारे ने बनाया है, भाईचारा ही इसका बैठकर समाधान निकालेगा।

चार संस्थानों में छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

■ पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के मार्गदर्शन में दादरी पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल एवं नशा मुक्ति टीम ने सोमवार को विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, साइबर अपराधों से बचाव तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। आईटीआई कादमा व बलाली, एमपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बौंद कलां और गवर्मेंट हाई स्कूल कमोद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचने के उपायों की जानकारी देते हुए शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को साइबर ठगी, फर्जी कॉल, ऑनलाइन धोखाधड़ी, संदिग्ध लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देते हुए किसी भी परेशानी, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में बिना डर पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक बनने और परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उपनिरीक्षक नरेन्द्र, सहायक उपनिरीक्षक राहुल फौगाट तथा दुर्गा शक्ति टीम ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया।

यातायात नियमों की अनदेखी पर पुलिस ने काटे 838 चालान

सप्ताहभर चले सघन चेकिंग अभियान में पुलिस ने 9 लाख के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी जिला पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए एक सप्ताह में 838 चालान किए हैं। 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक चले सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 9 लाख 13 हजार रुपये की जुर्माना राशि के चालान काटे। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट और हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर विशेष कार्रवाई की गई। पुलिस की समीक्षा के अनुसार सबसे अधिक 295 चालान बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने वालों के किए गए। वहीं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने या गलत नंबर प्लेट पैटर्न के 287 चालान काटे गए।

वहीं गलत दिशा में वाहन चलाने पर 51, निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार पर 48 और गलत पार्किंग के 32 चालान किए गए। इसी तरह वाहनों में अनधिकृत इंजन या स्ट्रक्चर बदलाव के 28, बिना थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के 24 और प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने पर 23 चालान किए गए। बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के वाहन चलाने पर 19-19 चालान हुए।



चरखीदादरी। नियमों की उल्लंघना पर वाहन का चालान करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हेलमेट नहीं पहनने पर 11 के चालान किए

बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 11 लोगों के भी चालान किए। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है। गलत दिशा में वाहन चलाना, तेज रफ्तार और सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। वहीं बिना नंबर प्लेट या अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहनों के आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल की आशंका को देखते हुए ऐसे वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों पर नियमानुसार एचएसआरपी लगवाएं और गति सीमा का पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें। ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाणपत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज भी अपडेट रखें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

शहर के पांच चौक-चौराहों पर लगाई जा री हैं एलईडी, चलाए जाएंगे विज्ञापन

विज्ञापनों से सुधारेगी नगरपरिषद अपनी आर्थिक हालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नप ने अपनी आर्थिक हालात में सुधार करने की प्रस्तावित योजना तय की है। अब शहर के मुख्य चौराहों पर बड़ी एलईडी लगवाई जा रही है। इन एलईडी के जरिए किराए विभिन्न कम्पनी व व्यापारियों की एड चलाई जाएगी। ताकि नप की आय में इजाफा हो सके।

पहले प्रयोग के तौर पर शहर के पांच सबसे व्यस्ततम चौक पर बड़ी एलईडी लगा दी है। अगर इन जगहों से नगरपरिषद को सही ढंग से आय हुई तो शहर के बाकी बचे अन्य छोटे बड़े चौक चौराहों पर इसी तरह की एलईडी लगाई जाएगी। फिलहाल नप ने इन चौक चौराहों पर एलईडी को चालू भी कर दिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगरपरिषद ने 25 लाख रुपये की राशि खर्च करके शहर के पांच चौक व चौराहों पर पांच एलडीई लगाई है, जिनमें रेलवे स्टेशन, नगरपरिषद कार्यालय, हांसी गेट, रोहतक गेट तथा नया बस अडडा शामिल है। इन एलईडी पर शहर या कोई बाहरी व्यक्ति अपने प्रोडेक्ट का प्रचार व प्रसार कर सकता है। हालांकि ट्रायल के आधार पर अभी इन एलईडी पर सरकारी योजना तथा नप द्वारा करवाए गए विकास कार्य दिखा जा रहे है,लेकिन जिस वक्त एप व जानकारी पहुंच जाएंगी। उसके बाद किराए पर चढ़ा दिया जाएगा।



ठेकेदार के माध्यम से होंगे बुक विज्ञापन

बताया जा रहा है कि जब इन एलईडी की ट्रायल का कार्य पूरा हो जाएगा। उसके बाद नप इस कार्य के लिए विभिन्न ठेकेदारों से टेंडर आमंत्रित करेगी। जो ठेकेदार मासिक व सालाना किराया सबसे ज्यादा देगा। उसी ठेकेदार के नाम टेंडर अलॉट कर दिया जाएगा। इसके लिए एक एप भी जारी होगा। उसी ऐप के जरिए विज्ञापन चलाए जांएगे।

ठेकेदारों के लिए टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे: भवानी

नप के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि नप की आय बढ़ाने के लिए शहर के पांच मुख्य चौक व चौराहों पर बड़ी एलईडी लगवाई गई है। इन एलइडी के जरिए विज्ञापनों से किसी भी कम्पनी का प्रचार व प्रसार किया जा सकेगा। इसके लिए एक किराया निर्धारित भी किया जाएगा। इन एलइडी पर विज्ञापन चलाए जाने के लिए ठेकेदारों के लिए टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। ताकि नप की आय को बढ़ाया जा सके। इन जगहों पर एलईडी कामयाब होने के बाद अन्य जगहों पर एलईडी लगवाई जाएंगी। ताकि शहर की सुंदरता तो बढेगी ही साथ में आय के स्त्रोत भी बढ सकेंगे।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि

सहेली

रोहतक, मंगलवार
6 अक्टूबर, 2026



स्पेशल : इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड-डे, 11 अक्टूबर

राष्ट्रीय हो या अंतरराष्ट्रीय, बालिकाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक है। वे कुपोषण का शिकार हैं, शिक्षा नहीं हासिल कर सकतीं, उनका बाल विवाह हो रहा है, भ्रूण हत्याएं जारी हैं। वे हिंसा का शिकार होती हैं। कानूनी अधिकारों से वे वंचित हैं। सबसे अधिक दुखदायी स्थिति है बेटियों के साथ सामाजिक और पारिवारिक भेदभाव। दुनिया की सभी बालिकाएं अपना हक पाएं, सुखी जीवन हासिल करें, इसके लिए बहुत जरूरी है, वैश्विक स्तर पर साझे प्रयास किए जाएं।

दुनिया भर में कायम है बेटियों की जद्दोजहद

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

किसी भी देश या समाज की दशा-दिशा के मुताबिक बेटियों के जीवन से जुड़ी परिस्थितियां भी बदल जाती हैं। दुनिया का कोई भी कोना हो, बच्चियों को असहज करने वाली बातों और हालातों में फर्क आ ही जाता है। हर जगह बड़ी होती लाडलियों के सामने आने वाली समस्याओं में भी अंतर होता है। आगे बढ़ने और अपने सपने साकार करने में आने वाली अड़चनों से जुड़ी शिकायतें भी थोड़ी भिन्न होती हैं। इतना ही नहीं, आम-सी जिंदगी जीने की सहजता भी संसार के हर कोने में एक-सी नहीं है। हर परिवेश में बेटियों के हिस्से आई सुविधाएं और दुविधाएं अलग-अलग होती हैं। यहां तक कि जन्म लेने से पहले ही उनका जीवन छीन लेने की स्थितियां भी दुनिया के कई हिस्सों की अजन्मी बेटियों को झेलनी पड़ती हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो पीड़ाओं का रंग-ढंग भले अलग हो, दुनिया के हर भू-भाग में बेटियों को बहुत-सी तकलीफों से जूझना ही पड़ता है। अनकहा-सा दबाव और बंदिशें उनके हिस्से आती ही हैं। इसी के चलते आज भी दुनिया भर में बेटियों की जद्दोजहद कायम है।

ग्लोबल लेवल पर समस्याएं

आज भी बेटियों की जद्दोजहद किसी एक देश तक सीमित नहीं है। सुरक्षा और सम्मान से जुड़े विपरीत हालात वैश्विक स्तर पर देखे जा सकते हैं। बाल विवाह हो या अशिक्षा, भ्रूणहत्या हो या कुरीतियां। किसी न किसी रूप में बेटियों के जीवन का दंश बना हुआ है। विकसित देशों से लेकर आर्थिक-सामाजिक रूप से पिछड़े देशों तक, कहीं जागरूकता की कमी है, तो कहीं अति आधुनिक विचार बेटियों के जीवन को मुसीबत में डाल रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लड़कियों के सामने शिक्षा की कमी, सामाजिक-पारिवारिक भेदभाव, कुपोषण, हिंसा और कानूनी अधिकार पाने से जुड़ी अनगिनत चुनौतियां कायम हैं। ऐसी बहुत-सी चुनौतियों को संबोधित करने के लिए ही अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह खास दिन दुनिया भर की लड़कियों को उनके हक दिलाने और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने से जुड़ा है। इस दिन आगे बढ़ती बेटियों के योगदान का ग्लोबल उत्सव भी मनाया जाता है। बेटियों के सशक्त स्वर, उनके प्रभावी कार्यों और नेतृत्व क्षमता की चर्चा होती है। विशेष रूप से बेटियों की परवाह करने वाले लोग हर उस मोर्चे पर अवेयरनेस लाने का प्रयास करते हैं, जो उनके जीवन को सहज बना सके। संसार के हर कोने में समस्याओं का सामना करती बालिकाओं के लिए अपने अधिकार पाने और मन-जीवन से जुड़ी चुनौतियों का डटकर सामना करने का परिवेश बना सकें।



मिले बाल विवाह के दंश से मुक्ति

साल 2026 के लिए इंटरनेशनल गर्ल चाइल्ड-डे की थीम 'एंड चाइल्ड मैरिज एंड इंवेस्ट इन गर्ल्स राइट्स' है। यह विषय लड़कियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले ऑर्गनाइजेशंस, दुनिया भर के आम नागरिकों और यूएन के पार्टनर्स द्वारा मिलकर तय किया गया है। यह मुहिम साझे प्रयासों से बाल विवाह को खत्म करने, लड़कियों के अधिकारों को बल देने और फाइनेंशियल कॉन्ट्रिब्यूशन करने के लिए सक्रियता से काम करने का उद्देश्य लिए है। बाल विवाह हमारे देश में ही नहीं, दुनिया भर में बेटियों के जीवन के लिए दंश बना हुआ है। हर साल विश्व में एक करोड़ बारह लाख लड़कियों की चाइल्ड मैरिज होती है। दुनिया के कई देशों में बेटियों की शादी एडल्ट होने से पहले ही करा दी जाती है। समझना कठिन नहीं, बाल विवाह के बाद जेंडर वॉयलेंस, कुपोषण, कम उम्र में मां बनने से प्रेग्नेंसी के कॉम्प्लिकेशन जैसी स्थितियां लड़कियों के हिस्से आती हैं।

आंकड़े बताते हैं कि लगभग हर चार में से एक 15-19 वर्ष की लड़की ने अपने जीवनकाल में इंटीमेट पार्टनर की हिंसा झेली होती है। वैश्विक स्तर पर टीनएजर्स के एचआईवी संक्रमण के नए केसेस में 75 प्रतिशत लड़कियां होती हैं। इन स्थितियों में लड़कियों का सम्मान और स्वास्थ्य दोनों चोटिल होते हैं। पढ़ाई छूट जाती है। भविष्य बनाने के सपने टूट जाते हैं। सुखद है कि हमारे देश में अब बाल विवाह में कमी आई है। बेटियों का जीवन सहेजने के लिए बाल विवाह को लेकर वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाना और पारिवारिक स्तर पर जवाबदेही तय करना आवश्यक है।

आशाओं को मिले संबल

यूनिसेफ की एक रिसर्च के अनुसार अनगिनत चुनौतियों से जूझने के बावजूद दुनिया भर की लड़कियां बेहतर भविष्य के लिए आशान्वित और दृढ़ संकल्पित हैं। ग्लोबल लेवल पर बहुत-सी बालिकाएं सुरक्षित, सशक्त बनने के विजन को लेकर आगे बढ़ रही हैं। उनकी आशाओं को संबल देने की जरूरत है।



कई समस्याओं का सामना कर रही हैं बालिकाएं

आमतौर पर यह मान लिया जाता है कि विकसित देशों में लड़कियों का जीवन बहुत सहज-सुविधाजनक है। जबकि आर्थिक रूप से संपन्न इन देशों में भी कई सामाजिक-पारिवारिक बंधन लड़कियों के हिस्से हैं। इतना ही नहीं, तकनीकी तरक्की के चलते इन देशों में लड़कियां साइबर बुलिंग की शिकार बनती हैं। टूटते परिवारों वाले आधुनिक समाज में बहुत-सी बच्चियां अकेलापन और एंग्जायटी भी झेलती हैं। कुछ समय पहले आई सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका की 60 फीसदी लड़कियों ने लगातार उदास और हताश रहने की शिकायत की थी। इसी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की हर दस में एक से ज्यादा लड़की ने बताया कि उसे यौन धमकियां मिलीं और यौन संबंधों के लिए मजबूर किया गया। समझना मुश्किल नहीं कि दुनिया का कोई भी देश हो, बिखरी मनःस्थिति में बच्चियों का आपराधिक सोच वाले लोगों के जाल में फंसना बहुत आसान होता है। विकसित देशों में सिंगल पैरेंट के साथ बड़ी होती बेटियों में भावनात्मक असुरक्षा बहुत अधिक होती है। अमेरिका जैसे देश में भी जेंडर पे गैप की स्थितियां मौजूद हैं।

जो बिना कहे साथ निभाए वही है सच्चा रिश्ता

रिश्ते सिर्फ यह कह देने से 'हम आप से बहुत प्यार करते हैं' साबित नहीं होते, बल्कि उन अनकहे शब्दों से भी पहचाने जाते हैं, जब कोई बिना कुछ कहे साथ खड़ा रहता है, मुश्किल घड़ी में संबल बनता है। प्यार की असली खूबसूरती शब्दों से अधिक भरोसे में छिपी होती है। सच्चे रिश्ते की यही पहचान है।

रिलेशनशिप
वीरेंद्र बहादुर सिंह



अकसर आपने देखा होगा कि कुछ लोग हर समय प्यार और अपनेपन का इजहार तो करते रहते हैं, लेकिन मुश्किल समय में साथ नहीं दिखते। वहीं कुछ लोग कभी बड़े-बड़े वादे नहीं करते, लेकिन जरूरत पड़ने पर आपके साथ खड़े होते हैं। सच यही है कि सच्चे रिश्तों की पहचान शब्दों से नहीं, व्यवहार से होती है।

आकर्षण से ज्यादा विश्वास-अपनत्व है जरूरी: किसी नए रिश्ते की शुरुआत प्रायः किसी न किसी आकर्षण से होती है। हर आकर्षण के पीछे कोई न कोई वजह होती है। किसी का स्वभाव, व्यक्तित्व या समझदारी हमें उसकी ओर खींचती है। समय के साथ यदि ये वजहें बदलने लगें तो आकर्षण भी कम हो सकता है। लेकिन रिश्ता अगर केवल आकर्षण पर नहीं, विश्वास और अपनत्व पर टिका हो, तो वह लंबे समय तक बना रहता है।



'आई लव यू' के साथ जुड़ी होती हैं उम्मीदें: जब कोई 'आई लव यू' या 'मैं तुमसे करती हूं/प्यार करता हूं' कहता है, तो उसके साथ कई अनकही उम्मीदें भी जुड़ी होती हैं। साथ निभाना, परवाह करना, मुश्किल समय में साथ खड़ा रहना और भावनाओं को समझना, ये सब प्रेम का हिस्सा हैं। परेशानी तब शुरू होती है, जब इन उम्मीदों/अपेक्षाओं पर कभी खुलकर बात ही नहीं होती।

अनकही शिकायतों से बढ़ती है रिश्तों में दूरी: अधूरी उम्मीदें धीरे-धीरे शिकायतों का रूप ले लेती हैं। इन शिकायतों को जल्द से जल्द आपसी बातचीत और समझदारी से हल किया जाना जरूरी है। शिकायतों को मन में दबाए रखने से सामने वाले को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका नहीं मिलता। इससे रिश्ते में नाराजगी और गलतफहमी का जाल फैलता जाता है, दूरी बढ़ने लगती है। रिश्तों में सबसे बड़ा संकट तब आता है, जब मन की बात मन में ही रह जाती है।

छोटी-छोटी गलतफहमियों से टूटते हैं रिश्ते: अधिकांश रिश्ते किसी एक बड़ी घटना से नहीं टूटते। वे छोटी-छोटी गलतफहमियों, गलत धारणाओं और संवाद की कमी से कमजोर होकर टूट जाते हैं। यदि हर छोटी बात या गलतफहमी को बढ़ा-चढ़ाकर देखा जाए, तो प्रेम की जगह अविश्वास घर कर लेता है। कई बार यह अविश्वास रिश्ते के टूटने का कारण बन जाता है।

सच्चे प्रेम को प्रमाण की जरूरत नहीं होती: जो व्यक्ति आपको दिल से चाहता है, उसका अपनापन आपको स्वतः महसूस हो ही जाता है। वह चाहे कम बोले, लेकिन उसके व्यवहार में उसका प्रेम दिखाई देता है। उसी तरह जो केवल दिखावे का रिश्ता निभा रहा हो, उसकी सच्चाई भी समय के साथ स्पष्ट हो ही जाती है।

जताने से ज्यादा जरूरी है निभाना: जीवन में सबसे अनमोल रिश्ता वही होता है, जहां दिखावे से अधिक विश्वास हो, शब्दों से अधिक संवेदनाएं हों और वादों से अधिक साथ निभाने का साहस हो। आखिरकार, सच्चे रिश्ते बोलते नहीं, महसूस होते हैं।

खत्म नहीं होता सच्चा रिश्ता: लोग अलग हो सकते हैं, लेकिन रिश्तों की यादें, सीख और भावनाएं हमेशा साथ रहती हैं। कोई भी सच्चा रिश्ता समाप्त नहीं होता, समय के साथ केवल उसका स्वरूप बदल जाता है।

हर किसी के लिए 'मी टाइम' जरूरी है, पति- पत्नी के लिए भी, क्योंकि शादी के बाद दोनों अपनी रुटीन लाइफ में इतने ज्यादा बिजी हो जाते हैं कि उनके पास अपने लिए कोई समय नहीं होता। जीवन में हमेशा एक ताजगी बनी रहे, इसके लिए जरूरी है 'मी टाइम'।

क्या 'मी टाइम' शादीशुदा लोगों के लिए भी जरूरी है?

मैरिड लाइफ
नैंसी गुप्ता

शादी के बाद जिंदगी में जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। घर-परिवार, बच्चों की देखभाल, नौकरी और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच कई दंपती अपनी पसंद और जरूरतों के लिए समय निकालना भूल जाते हैं। खासकर रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी में व्यक्ति का पूरा ध्यान दूसरों की जरूरतें पूरी करने में लग जाता है। ऐसे में खुद के लिए समय निकालना यानी 'मी टाइम' मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। अकेले समय बिताने का मतलब परिवार से दूरी बनाना नहीं होता, बल्कि यह खुद को समझने और अपने भीतर एक नई ऊर्जा जुटाने का अवसर होता है। जी हां, शादीशुदा लोगों के लिए भी 'मी टाइम' बहुत जरूरी है। इसे स्वस्थ रिश्ते और बेहतर जीवनशैली का हिस्सा समझना चाहिए।



खुद के लिए समय निकालना क्यों जरूरी : शादी के बाद अकसर व्यक्ति की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। घर और परिवार की जरूरतों को पूरा करते-करते अपनी पसंद, आराम और रुचियों के लिए समय कम बचता है। लगातार व्यस्त रहने से थकान और चिड़चिड़ापन महसूस होने लगता है। रोजाना कुछ समय अपने लिए निकालने से व्यक्ति को मानसिक रूप से आराम मिलता है, वह अपनी जरूरतों पर ध्यान दे पाता है। यह समय बहुत लंबा हो यह जरूरी नहीं है। दिन में 20-30 मिनट आसानी से अपने लिए निकाले जा सकते हैं।



'मी टाइम' का मतलब अकेले रहना नहीं: कई लोगों को लगता है कि 'मी टाइम' का अर्थ परिवार से अलग रहना या जिम्मेदारियों से बचना है, ऐसा बिल्कुल नहीं है। 'मी टाइम' का मतलब अपनी पसंद का कोई काम करना होता है, जैसे कोई किताब पढ़ना, पेंटिंग करना, संगीत सुनना, टहलना, पौधों की देखभाल करना, योग करना या शांत बैठकर चाय पीना भी 'मी टाइम' का हिस्सा है। जरूरी यह है कि इस दौरान व्यक्ति खुद को मानसिक रूप से आराम देने वाली गतिविधि करे, उसे एक सुकून महसूस हो।

शादीशुदा रिश्ते के लिए भी फायदेमंद: पति-पत्नी का हर समय साथ रहने का मतलब यह नहीं होता कि उन्हें हर काम साथ ही करना चाहिए। दोनों को अपनी व्यक्तिगत पसंद और रुचियों के लिए भी एक स्पेस मिलनी चाहिए। जब व्यक्ति खुद के लिए समय निकालता है तो वह अधिक तरोताजा महसूस करता है। इससे छोटी-छोटी बातों पर होने वाली झुंझलाहट कम करने में मदद मिलती है। हमें यह समझना चाहिए कि स्वस्थ रिश्ते में साथ समय बिताने के साथ-साथ एक-दूसरे के पर्सनल स्पेस का सम्मान करना भी जरूरी है। यह दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखता है।

अपनी रुचि को फिर से पहचानें: शादी और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच कई लोग अपनी पुरानी हॉबी छोड़ देते हैं। किसी को पेंटिंग पसंद होती है, किसी को डांस या फिर पढ़ना-लिखना, लेकिन समय न मिलने के कारण ये रुचियां पीछे छूट जाती हैं। 'मी टाइम' अपनी पुरानी रुचियों को फिर से जिंदगी में शामिल करने का मौका देता है।

हर समय परिवार के लिए उपलब्ध रहना जरूरी नहीं: परिवार के सदस्यों की जरूरतों का ध्यान रखना बहुत अच्छी बात है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि व्यक्ति को हर समय उपलब्ध रहना ही चाहिए। लगातार काम करते रहने से थकान बढ़ जाती है। इसलिए घर में सभी सदस्यों को एक-दूसरे की जरूरतो का ध्यान रखना चाहिए।

अगर कोई व्यक्ति कुछ समय शांत रहना चाहता है या अपनी पसंद का कोई काम करना चाहता है, तो इसे गलत समझने के बजाय उसकी जरूरत के रूप में देखना चाहिए।

(लाइफस्टाइल एक्सपर्ट श्वेता गुप्ता से बातचीत पर आधारित)

घर पर ऐसे करें हेयर कलर



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

आजकल महिलाओं में बालों को कलर करने का ट्रेंड बहुत देखने को मिल रहा है। जहां पहले सिर्फ सफेद बालों को काला करने के लिए कलर किया जाता था। लेकिन अब महिलाएं काले बालों को ग्लैमरस लुक देने के लिए भी उन्हें कलर करवा रही हैं। लेकिन केमिकल वाले कलर्स से बालों को नुकसान भी पहुंचता है। इसलिए बालों को नेचुरल कलर से रंगना चाहिए।

नेचुरल हेयर कलर: आजकल प्राकृतिक तत्वों और सब्जियों से बने कलर्स भी 'हेयर मस्कारे' के रूप में उपलब्ध हैं। हेयर मस्कारा कुछ हद तक क्रेयॉन की तरह होते हैं, जो बालों को 'स्ट्रीक' करने के लिए किए जाते हैं। यह काफी प्रभावी रूप से सफेद बालों को छिपाते हैं। ये बालों को ग्लैमरस लुक देते हैं और सामान्य बालों से अलग लुक देने में भी मदद करते हैं। इसका मुख्य लाभ यह है कि ये बालों की संरचना और बनावट को होने वाले नुकसान से बचाते हैं।



ऐसे बनाएं हेयर कलर: हालांकि बाजार में हर्बल उत्पादों से बने नेचुरल कलर तो मिल जाते हैं लेकिन ये थोड़े महंगे होते हैं। आप चाहें तो इन्हें घर पर भी बना सकती हैं। कलर पेस्ट बनाने के लिए गुनगुने पानी में मेहंदी और कत्था जैसे नेचुरल कलरेंट मिलाएं। इसके बाद रबर के दस्ताने पहनकर समान रूप से ऊपर से नीचे तक बालों पर लगाएं। 3 घंटे के लिए रंग लगा हुआ छोड़ दें। इसके बाद अच्छी तरह साफ पानी से धो लें।

फायदेमंद है आंवला: आंवला सफेद बालों को नियंत्रित करने के लिए उत्तम माना जाता है। कच्चे आंवले का रस एक पानी के गिलास में डालकर रोज पीने से सफेद बालों को नियंत्रित करने में मदद करता है। साथ ही आंवला, मेहंदी पावडर में मिलाकर लगाया जा सकता है। आपको बता दें कि मेहंदी सफेद बालों को रंगती है, न कि काले बालों को। इसका पेस्ट बनाने के लिए रात को 2 से 3 कप पानी में रात भर सूखा आंवला भिगोकर रख दें। अगली सुबह, आंवला पानी से निकाल लें। इसके बाद पानी फेंकना नहीं है। अब आंवला पीस लें। इसके बाद मेहंदी पावडर में आंवला पेस्ट, 4 छोटे चम्मच नीबू का रस, कॉफी, 2 चम्मच तेल और पर्याप्त आंवले का पानी मिलाएं। दो से तीन घंटे के लिए पेस्ट बनाकर रख दें। फिर पूरे बालों में इस तरह लगाएं कि सारे बाल कवर हो जाएं। कम से कम दो घंटे के लिए रखें और सादे पानी से धो लें।



इस तरह लगाएं मेहंदी: सबसे पहले ध्यान रखें कि मेहंदी पावडर अच्छी गुणवत्ता की हो। यह गहरे हरे रंग की होनी चाहिए। हेयर हेल्थ को अच्छा करने और बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए मेहंदी के साथ आंवले, ब्राह्मी, भृंगराज, बेल आदि का इस्तेमाल करना चाहिए। मेहंदी बहुत अच्छा कंडीशनर होता है और बालों को सुरक्षा के साथ मजबूती भी प्रदान करता है।

आने वाले नवरात्रों में आप व्रत जरूर रखेंगी। व्रत के दौरान सिर्फ अन्न से दूरी बनाना ही काफी नहीं है। शरीर को पर्याप्त ऊर्जा और पोषण मिले, इसके लिए सही आहार का सेवन करना भी जरूरी है।

व्रत में ऐसी हो आपकी डाइट

डाइट सजेशन
निकिता चौहान





अधिकतर महिलाएं नवरात्र व्रत रखती हैं। अकसर लोग व्रत के दौरान फलाहार के नाम पर तली-भुनी चीजें, साबूदाना, आलू और मीठे खाद्य पदार्थ अधिक मात्रा में खाने लगते हैं। इससे सेहत को फायदा होने के बजाय नुकसान हो सकता है। वहीं, पर्याप्त पानी और संतुलित आहार की कमी से कमजोरी, सिरदर्द, एसिडिटी, कब्ज और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि व्रत के दौरान ऐसी डाइट ली जाए, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ पोषण भी दे। नवरात्र में व्रत का उद्देश्य केवल भोजन छोड़ना नहीं, बल्कि संयम के साथ शरीर और मन का ध्यान रखना भी है। संतुलित फलाहार, पर्याप्त पानी और सही मात्रा में पोषक तत्व लेकर आस्था के साथ सेहत का भी ख्याल रखा जा सकता है।

बनाए रखें हाइड्रेशन: नवरात्र के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। दिनभर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीते रहें। इसके अलावा नारियल पानी, नीबू पानी, छाछ जैसे पेय भी डाइट में शामिल किए जा सकते हैं। बहुत अधिक चीनी वाले पेय और पैकेज्ड जूस से बचना बेहतर है।

फल-सब्जियों का सेवन: व्रत की डाइट में मौसमी फल और सब्जियों को शामिल करना अच्छा विकल्प है। सेब, पपीता, संतरा और अमरूद जैसे फल खाए जा सकते हैं। फलों के जूस की बजाय पूरा फल खाना बेहतर रहता है, क्योंकि इससे फाइबर भी मिलता है। दिनभर एक साथ ज्यादा खाने की बजाय छोटे और संतुलित मील लेना अधिक बेहतर है।

कुट्टू, सिंघाड़ा और सामक से मिले ऊर्जा: व्रत में कुट्टू या सिंघाड़े के आटे की रोटी और चीला लिया जा सकता है। इसके साथ दही या सब्जियां शामिल करने से भोजन अधिक संतुलित हो जाता है। सामक के चावल भी सीमित मात्रा में खाए जा सकते हैं। प्रोटीन के लिए दूध, दही और पनीर ले सकते हैं।

तली-भुनी चीजों से बनाएं दूरी: साबूदाने की खिचड़ी, वड़ा, आलू चिप्स, कुट्टू की पूड़ी और पकौड़े व्रत में खूब पसंद किए जाते हैं। इनका अधिक सेवन कैलोरी बढ़ाने के साथ पेट से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकता है।

नमक-चीनी का सीमित सेवन: व्रत में सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसकी मात्रा पर भी नियंत्रण जरूरी है। चाय, कॉफी, मीठी लस्सी और अन्य मीठे पेय का भी अधिक सेवन नहीं करना चाहिए।

व्रत खोलते समय बरतें सावधानी: व्रत खोलते ही बहुत ज्यादा या भारी, मसालेदार और तला-भुना भोजन करने से बचें। शुरुआत हल्के भोजन, फल या दही से की जा सकती है। भोजन धीरे-धीरे और अच्छी तरह चबाकर खाएं, ताकि पाचन तंत्र पर अचानक अधिक भार न पड़े।

बरतें ये विशेष सावधानी: डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, किडनी या हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित लोगों को बिना चिकित्सकीय सलाह के लंबे समय तक उपवास नहीं करना चाहिए। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, बुजुर्गों तथा नियमित दवा लेने वाले लोगों को भी व्रत रखने से पहले डॉक्टर या डाइटिशियन की सलाह लेनी चाहिए।

(सीनियर डाइटिशियन डॉ. आस्था शर्मा से बातचीत पर आधारित)

खबर संक्षेप

ऐप पर सक्रिय भागीदारी के लिए दीपक बने वॉलंटियर ऑफ द वीक

चरखी दादरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भागीदारी के लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं आईटी सेल संयोजक दीपक शर्मा रानीला को नरेंद्र मोदी ऐप पर वॉलंटियर ऑफ द वीक चुना गया है। उन्हें इस श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। दीपक ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।

श्री द्वारिकाधीश मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा जारी

भिवानी। विकास नगर स्थित श्री द्वारिकाधीश मंदिर में पितृ पक्ष के अवसर पर संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हो चुका है। इस धार्मिक अनुष्ठान में कथा वाचिका देवी ज्योति अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा का अमृतपान करा रही हैं। यह आयोजन 10 अक्टूबर 2026 तक जारी रहेगा। कथा के दैनिक सत्र दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य यजमान राम निवास बंसल, आनंद बंसल, विजय बंसल सहित समस्त बंसल परिवार तथा विकास नगर निवासियों की ओर से इस कथा का आयोजन किया जा रहा है।

संत निरकारी मिशन का संत समागम 23 से

भिवानी। संत निरंकारी मिशन का 79वां वार्षिक संत समागम 23 से 26 अक्टूबर तक समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर भव्यतापूर्वक आयोजित किया जाएगा। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में यह समागम प्रेम, सेवा, सद्भाव और मानव एकता की दिव्य भावना का संदेश देगा।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी खाली हाथ हैं विशेष शिक्षक : राठी

तोशाम। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में दिव्यांग बच्चों की संख्या हजारों में है और उनको पढ़ाने के लिए मात्र 360 विशेष शिक्षक हैं जो वर्षों से संविदा पर काम कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी इनके रेगुलर करने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। उक्त शब्द आदर्श जाट महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. दीपक राठी ने प्रेस को जारी बयान में कहे। डॉक्टर राठी ने कहा कि 7 मार्च 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार सहित सभी राज्यों को तय मानक अनुसार विशेष शिक्षक 12 सप्ताह में उपलब्ध कराने को कहा जिससे देशभर के लाखों दिव्यांग बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो।

बुराइयों के खिलाफ दिया जागरूकता का संदेश

चरखी दादरी। जनता कॉलेज के सभागार में अमृत काल जागरूक अभियान के तहत आयोजित जादू शो में जादूगर सम्राट शंकर ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। शो के माध्यम से उन्होंने पर्यावरण एवं जल संरक्षण, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने व युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। सायंकालीन शो का शुभारंभ नप चेयरपर्सन बक्शीराम सैनी ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। जादूगर सम्राट शंकर ने अनके हैरतअंगेज कारनामे दिखाए।

पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों के बारे में दी जानकारी

भिवानी। विश्व पशु दिवस के अवसर पर जिला पशु चिकित्सालय एवं पॉलीक्लिनिक में पशुपालकों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशु चिकित्सक एवं पॉलीक्लिनिक के प्रभारी डॉ. सुभाष ने पशुओं में होने वाली विभिन्न संक्रामक एवं गैर-संक्रामक बीमारियों, उनके नियंत्रण एवं रोकथाम के उपायों तथा पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले सभी प्रमुख जूनोटिक रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में बहीं रचनाओं की बयार

कवियों ने सामाजिक सरोकार से जुड़ी कविताएं प्रस्तुत की

रचनाओं के माध्यम से बुराइयों पर कसा तंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बीआरसीएम शिक्षण समिति के तत्वावधान में बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में रविवार रात को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों ने देश की वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक स्थिति का चित्रण करते हुए अपनी रचनाओं से लोगों में देशभक्ति का संचार किया। उन्होंने राष्ट्रप्रेम, हास्य-व्यंग्य, सामाजिक सरोकार, बेटियों के सम्मान और बदलते सामाजिक परिवेश से जुड़े विषयों पर कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन हरिकिशन चौधरी, निदेशक डॉ. एसके सिंहा, सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। भिवानी मैत्री संघ के संचालक प्रसिद्ध कवि राजेश चेतन ने ओजपूर्ण एवं व्यंग्यात्मक कविता के माध्यम से पाकिस्तान पर तीखा कटाक्ष किया। उनको प्रस्तुति "पाकिस्तान को अपने झंडे पर चांद लगाना आता है, पर चांद पर झंडा फहराना उनके बस की बात नहीं" का श्रोताओं ने भरपूर समर्थन किया। उन्होंने बेटियों के सम्मान और उनकी उपलब्धियों पर भी प्रभावशाली कविता प्रस्तुत कर समाज को बेटियों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।





बहल। बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में आयोजित कवि सम्मेलन में प्रस्तुति देते कवि राजेश चेतन व सम्मेलन में उपस्थित चेयरमैन हरिकिशन चौधरी व अन्य।

डॉ. सुनील जोगी ने देशप्रेम का संदेश दिया

कवि पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति "दिल हिंदुस्तान रहे" जैसे भावपूर्ण काव्य के माध्यम से देशप्रेम का संदेश दिया। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया और सभागार देर तक तालियों से गूंजता रहा। उन्होंने हास्य-व्यंग्य की अपनी विशिष्ट शैली से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवयित्री नेहा शर्मा ने अपनी रचना "मैं भारत की बेटी हूं, जात बताने आई हूं" के माध्यम से सामाजिक सोच और बेटियों के सम्मान का मुद्दा उठाया। उन्होंने बेटियों की पहचान, आत्मसम्मान और उनके अधिकारों को अपनी कविता के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कविता संवेदनाओं को अभिव्यक्ति करने का माध्यम

कार्यक्रम में बीआरसीएम शिक्षण समिति के चेयरमैन हरिकिशन चौधरी ने कहा कि साहित्य और संस्कृति समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को हिंदी भाषा, साहित्य, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रप्रेम से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर बीआरसीएम के निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने कहा कि साहित्य और कविता समाज की संवेदनाओं को अभिव्यक्ति देने का सशक्त माध्यम हैं। बीआरसीएम शिक्षण समिति शिक्षा के साथ-साथ साहित्य, कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कवि शंभू शिखर ने श्रोताओं को खूब हंसाया

कवि शंभू शिखर ने रोजमर्रा के जीवन, सामाजिक विसंगतियों और वर्तमान परिस्थितियों पर अपनी विशिष्ट शैली में व्यंग्य प्रस्तुत कर श्रोताओं को खूब हंसाया। वहीं राजेश अग्रवाल और गौरव चौहान ने भी अपनी रचनाओं के माध्यम से काव्य संध्या में विविध रंग भर दिए। उन्होंने राष्ट्रभक्ति, बेटियों का सम्मान, सामाजिक समानता और देश के प्रति जिम्मेदारी जैसे गंभीर विषयों को भी कविताओं के माध्यम से उठाया गया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर चेयरमैन हरिकिशन चौधरी, उर्मिला चौधरी, डॉ. एसके सिन्हा, ऊषा सिन्हा, आईएएस शीशराम वर्मा, चेयरमैन रवि महमिया, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, द्रोणचार्य अवार्डी असन सिंह सांगवान, सतनारायण चौधरी, नरेश चौधरी, डॉ. एनपी गौड़, एडवोकेट राजपाल गाढा, प्राचार्य डॉ. अनुज शर्मा, डॉ. सुनील शुक्ला, राजेश झाझरिया, सरस्वती दीक्षित, डॉ. डीपी बूरा, रजिस्ट्रार पवन पंघाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण जन्म और वामन अवतार की कथा सुनाई



भिवानी। कथा शुरू करवाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

- धर्म की स्थापना और भक्तों के उद्धार के लिए अवतार धारण करते हैं ईश्वर : हर्षवर्धन मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कीर्ति नगर स्थित पंडित गोपीराम की कुई के समीप मंगेज भवन में इन दिनों संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में धर्म और भक्ति की अविरल धारा बह रही है।

यह सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ 9 अक्तूबर तक निरंतर जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन दोपहर 2:15 बजे से सायं 5:15 बजे तक कथा वाचन एवं मनमोहक भजनों का संकीर्तन किया जा रहा है। आयोजन में सहयोगी संस्था बाबा भगतू चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) की संस्थापक श्रीमती ओमपती का भी विशेष योगदान बना हुआ है। सोमवार को आयोजित कथा सत्र में नैमिषारण्य (हरदोई, उत्तर प्रदेश) से पधारे कथावाचक पंडित अजय मिश्रा महाराज ने अपने श्रीमुख से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव एवं वामन अवतार की अत्यंत प्रसंगमयी कथा का रसपान कराया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर व्यास पीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

अहंकार का त्याग करें

कथा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथावाचक पंडित अजय मिश्रा महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का वांग्मय स्वरूप है। जब-जब धरती पर अधर्म, अन्याय और असत्य का प्रभाव बढ़ता है, तब-तब ईश्वर धर्म की स्थापना और भक्तों के उद्धार के लिए अवतार धारण करते हैं। वामन अवतार हमें सिखाता है कि अहंकार का त्याग करके ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है, जबकि श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग हमें यह संदेश देता है कि जब जीव ईश्वर की शरण में जाता है तो उसके जीवन के समस्त अंधकार दूर हो जाते हैं।

भारत को जानो प्रतियोगिता के कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में जनसेवा विद्या विहार प्रथम

- भाविप शाखा के भारत को जानो प्रतियोगिता के द्वितीय चरण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि।

भारत विकास परिषद की शाखा भिवानी द्वारा हलवासिया विद्या विहार स्कूल के प्रांगण में भारत को जानो प्रतियोगिता के द्वितीय चरण का आयोजन किया। प्रतियोगिता में शहर एवं आसपास के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा तथा सांस्कृतिक व ऐतिहासिक ज्ञान का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यतिथि बजरंग बहलिया, विशिष्ट अतिथि सुनीता आहूजा, कार्यक्रम अध्यक्ष जतिन श्योराण तथा कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजेश आर्य ने मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर तथा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ किया। तत्पश्चात परिषद के पदाधिकारियों द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर भावभीना स्वागत व अभिनंदन किया।

स्वच्छता में सहभागिता स्वच्छ भारत, विकसित भारत' का दिया संदेश

बवानीखेड़ा। स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने के उद्देश्य से श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छ भारत दिवस' का आयोजन उत्साह एवं जागरूकता के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का संस्कार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिका ढींगडा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं एवं खेल मैदान की साफ-सफाई में सक्रिय भागीदारी निभाई।

महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव पर ज्ञान प्रतियोगिता में 251 बच्चों ने लिया भाग

- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी और मातृशक्ति को पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। महिलाओं को सम्मानित करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ।

महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीअग्रवंश परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट भिवानी द्वारा दिनोद गेट स्थित बैक्वेंट हॉल में महाराजा अग्रसेन ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम ज्ञान, संस्कार, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बना, जिसमें अग्रबंधु परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में 251 विद्यार्थियों और 151 मातृशक्ति ने हिस्सा लिया। बच्चों में महाराजा अग्रसेन के जीवन, आदर्शों और सिद्धांतों को जानने का विशेष उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी और मातृशक्ति को पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्वमंत्री घनश्याम सर्राफ रहे, जबकि अध्यक्षता जिला स्तरीय निगरानी समिति केबल टेलीविजन नेटवर्क की सदस्या रितु बंसल ने की। वहीं विशिष्ट अतिथियों के तौर पर अंबाला के उप पुलिस अधीक्षक जितेश जिंदल मौजूद रहे।



भिवानी। शिविर में योजनाओं का लाभ लेने के लिए पहुंचे नागरिक।

28 विभागों ने दी योजनाओं की जानकारी

चरखीदादरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत चलाए जा रहे सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर परिषद परिसर में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत सेवा सेतु कैंप आयोजित किया गया। नगर परिषद चेयरमैन बक्शी राम सैनी और पूर्व जिला अध्यक्ष डा. किरण कलकल ने संयुक्त रूप से कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में 28 विभागों ने स्टॉल लगाकर आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में नागरिकों को जानकारी दी। पात्र लोगों के आवेदन और पंजीकरण की प्रक्रिया मौके पर ही पूरी की गई। कैंप में 300 से अधिक नागरिकों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया।

जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नाले का निर्माण कार्य जारी

- शहर की बेहतर जल निकासी व्यवस्था के लिए विकास कार्य लगातार जारी : सुंदर अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। पानी की निकासी की व्यवस्था देखते हुए।

शहर में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने और बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका बवानीखेड़ा द्वारा विकास कार्य लगातार करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने बड़ा गौरवा से रेलवे फाटक स्थित राजपूत धर्मशाला तक बनाए जा रहे नाले के निर्माण कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाले का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार करवाया जाए और कार्य को तय समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि लोगों को इसका लाभ जल्द मिल सके। सुंदर अत्री ने कहा कि शहर की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करना नगर पालिका की प्राथमिकताओं में शामिल है।

रोज गार्डन की बदहाली पर नागरिकों ने जताया रोष



चरखीदादरी। रोज गार्डन में रोष जताते हुए नागरिक।

चरखी दादरी। शहर के रोज गार्डन में लंबे समय से चल रहे मेंटीनेंस कार्य और पार्क की बदहाल स्थिति को लेकर नागरिकों में रोष है। कृष्ण फौगाट ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए अधूरे कार्य को जल्द पूरा करवाने की मांग की है। कृष्ण ने कहा कि रोज गार्डन में मेंटीनेंस कार्य शुरू हुए काफी समय हो चुका है, इसके बावजूद पार्क के चारों ओर की पगडंडी तक पूरी नहीं हो सकी है। फोगाट ने कहा कि सार्वजनिक पार्क शहरवासियों के लिए महत्वपूर्ण स्थान हैं, जहां लोग सुबह-शाम सैर करने पहुंचते हैं। ऐसे में लंबे समय से कार्य अधूरा रहने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि वे प्रशासन को बार-बार अवगत करा चुके हैं। यदि जल्द कार्य पूरा नहीं हुआ तो नागरिक आंदोलन और धरना देने को मजबूर हो सकते हैं। उन्होंने मेंटीनेंस कार्य की स्थिति स्पष्ट करने और समय-सीमा निर्धारित कर इसे जल्द पूरा करवाने की मांग की। इस मौके पर नवल मैनेजर, महेंद्र जाखड़, मास्टर जयवीर, रिटायर्ड थानेदार जगबीर श्योराण, दयावंती, कमलेश, बीरमती, संजय और पवन मौजूद रहे।

लक्ष्मण मूर्छा तोड़ने के लिए उड़कर हनुमान लाएंगे संजीवनी बूटी

101वें वर्ष में नए स्वरूप में सजेगी दादरी शहर की रामलीला

आठ अक्टूबर से शुरू होगा श्रीरामलीला मंचन, कलाकार मंचन की तैयारियों में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखीदादरी। हीरा चौक के समीप स्थित श्रीरामलीला ग्राउंड।

दादरी के हीरा चौक की ऐतिहासिक श्रीरामलीला इस बार अपने 101वें वर्ष में प्रवेश कर रही हैं और इस बार आधुनिक तकनीक एवं नए मंचीय प्रयोगों के साथ दर्शकों के सामने होगी। रामलीला मंचन के दौरान लक्ष्मण मूर्छा के प्रसंग में भगवान श्रीराम भगत हनुमान उड़कर संजीवनी बूटी लाते हुए दिखाई देंगे। इस दृश्य को आधुनिक तकनीक की मदद से जीवंत रूप देने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही पारंपरिक पर्दों की जगह एलईडी स्क्रीन पर आकर्षक बैकग्राउंड तैयार किया जाएगा। श्रीरामलीला कमेटी शहर चरखी दादरी के महासचिव संदीप फौगाट ने बताया कि रामलीलाल मंचन में इस बार कई नए प्रयोग किए जाएंगे। विशेष रूप से दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से जोड़ने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जाएगा।

संदीप फौगाट ने बताया कि केवट प्रसंग को भी नए अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। श्यामसर सरोवर में नाव के माध्यम से केवट भगवान श्रीराम, श्रीलक्ष्मण और माता सीता को नदी पार करवाते हुए दिखाई देंगे। मंचन के दौरान दृश्य प्रभावों और एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसंगों को अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास रहेगा। वहीं लक्ष्मण मूर्छा के दौरान हनुमानजी के संजीवनी लेकर उड़कर आने का दृश्य मंचन का प्रमुख आकर्षण रहेगा। वहीं दर्शकों की सुविधा और सुरक्षा का भी विशेष रुप से ध्यान रखा जाएगा।

वर्ष 1925 में सभा का हुआ था गठन

शहर में श्रीरामलीला मंचन की परंपरा वर्ष 1925 में शुरू हुई थी। हीरा चौक के समीप श्रीरामलीला मंचन के लिए श्रीराम सभा का गठन किया और दादरी शहर रामलीला कमेटी बनाई गई। इसके बाद से श्रीरामलीला कमेटी शहर चरखी दादरी के तत्वावधान में हीरा चौक के समीप श्रीरामलीला का मंचन किया जा रहा है। इस वर्ष ये परंपरा 101वें वर्ष में प्रवेश करेगी।

हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचारी आश्रम समिति के पदाधिकारियों का किया अभिनंदन

भिवानी। समाज में एकता, संस्कृति के संवर्धन और परोपकार की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से सोमवार को स्थानीय ब्राह्मण धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण धर्मशाला के सदस्यों और पदाधिकारियों ने हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचारी आश्रम समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। समारोह के दौरान समिति के अध्यक्ष महेश दत्त, उपाध्यक्ष प्रदीप शास्त्री, सचिव जयप्रकाश शर्मा, सह सचिव सत्यनारायण, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा एवं ओमस्वरूप शर्मा, सदस्य महेश शास्त्री, डा. रवि भीसम, शुकदेव मुनि, सुनील शास्त्री तथा विकास शर्मा को समाज के उत्थान में उनके निरंतर योगदान के लिए अंगवस्त्र और सम्मान भेंट कर सम्मानित किया गया। ब्राह्मण धर्मशाला के प्रमुख पदाधिकारी कृष्णकांत शर्मा कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब धार्मिक, सामाजिक और आध्यात्मिक संस्थाएं मिलजुलकर काम करें।

सूचना

मैं, रमेश पुत्र श्री हरी सिंह निवासी बवानी खेड़ा, तह. बवानी खेड़ा, जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विजय व पुत्रवधु मुस्कान मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

सड़क हादसे में बैंक कर्मचारी की मौत

तोशाम। ईश्वरवाल नहर के पास तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही बाइक ट्रैक्टर में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार 38 वर्षीय बैंक कर्मचारी संदीप कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक तोशाम क्षेत्र के बुशान गांव का रहने वाला था और इंडियन बैंक बहल में ड्यूटी करता था।

नशा तस्कर को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया

भिवानी। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट भिवानी ने खन्ना होटल के पास नशा तस्कर को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। यूनिट इंचार्ज इन्स्पेक्टर मनोज सांगवान ने कहा की उनकी यूनिट सिवानी एरिया में नशा-रोधी गश्त पर थी, तभी एक मुखबिर ने सूचना दी कि अंकित निवासी वार्ड न7, सिवानी हेरोइन बेचने का अवैध कारोबार करता है और वह उस समय खन्ना होटल, सिवानी के पास लगती गली में नशा बेचने के लिए खड़ा है। टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां पुलिस पार्टी को देखते ही युवक भागने लगा। साथी कर्मचारियों ने भागते हुए युवक को तुरंत काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अंकित सिंह बताया। तलाशी करवाने पर आरोपी के पास हेरोइन पाई गई। डिजिटल तराजू से तौलने पर शुद्ध वजन 5.99 ग्राम निकला।

भिवानी जिला प्रभारी बने दुल्हेड़ी निवासी पवन सैनी

तोशाम। राष्ट्रीय सैनी समाज के हिसार में आयोजित कार्यक्रम में गांव दुल्हेड़ी निवासी एवं युवा स्वच्छता जनसेवा समिति के अध्यक्ष पवन सैनी को भिवानी जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिससे सैनी समाज सहित ग्रामीणों में खुशी की लहर है। वहीं कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने के लिए राजकुमार सैनी को जिला उपाध्यक्ष एवं रोहित सैनी को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं।

ट्यूबवेल की तार चोरी के मामले में आरोपी पकड़े

तोशाम। तोशाम पुलिस ने खेत से ट्यूबवेल की तार चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में नरेन्द्र निवासी सरल ने थाना तोशाम में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के आधार पर थाना तोशाम में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई। 4 अक्टूबर को थाना तोशाम के मुख्य सिपाही अजय कुमार ने ट्यूबवेल की तार चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दीपक निवासी तोशाम तथा सचिन निवासी बागनवाला के रूप में हुई है।

इमरजेंसी में सेवाएं रखी जारी, दो घंटे रखी पेन डाउन हड़ताल

ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गरजीं नर्सिंग ऑफिसर्स

मॉर्निंग, इवनिंग, नाइट में करनी पड़ती ड्यूटी, दूसरे जिले में ट्रांसफर से सुरक्षा को खतरा : नर्सिंग ऑफिसर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल के दौरान एकत्रित नर्सिंग ऑफिसर्स। फोटो : हरिभूमि

मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी (एमओटीपी) के विरोध में सोमवार से तीन दिवसीय 5 से 7 अक्टूबर तक दो घंटे की हड़ताल के पहले दिन नर्सिंग ऑफिसर्स ने अपनी मांगों का लेकर आवाज बुलंद की। नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के बैनर तले जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी में नर्सिंग ऑफिसर्स ने दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल रखी और ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गरजीं। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर्स ने इमरजेंसी सेवाओं को चालू रखा, ताकि मरीजों को किसी तरह की दिक्कत न आए।

नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसो.हरियाणा के आह्वान पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में नर्सिंग ऑफिसर्स ने दो घंटे पेन डाउन हड़ताल की। एसो. की सदस्य सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स सुषमा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स सरला कुमारी, सुमन राणा, बिंदू, निशा, रेखा, अंजू शर्मा, ज्योति, प्रशांत व सुशीला आदि ने अपनी मांगों को उठाते हुए कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी पूरी तरह से नर्सिंग ऑफिसर्स के खिलाफ है, जिन कर्मचारियों को एक स्टेशन पर पांच वर्ष हो चुके हैं, इस पॉलिसी के तहत उन्हें जबरन ट्रांसफर ड्राइव में भाग लेना पड़ेगा, यह पॉलिसी अव्यवहारिक है। सरकार ने इसे लागू करने से पहले कोई सुझाव नहीं लिया और एसो. से कोई चर्चा भी नहीं की। एसो. की ओर से डीजीएचएस को बार-बार रिप्रजेंटेशन दी गई, लेकिन नर्सिंग ऑफिसर्स की समस्या को अनदेखा किया गया। एसो. ने कहा कि नर्सिंग कैडर में 98 प्रतिशत महिलाएं हैं, उनकी सुरक्षा बड़ा मुद्दा है। नर्सिंग ऑफिसर्स को मॉर्निंग, इवनिंग, नाइट शिफ्ट करनी पड़ती है। दूसरे जिले में ट्रांसफर से उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ेगी। सभी के परिवार वर्तमान स्टेशन पर हैं, इससे उनके बच्चों की पढ़ाई एवं परिवार पर बुरा असर पड़ेगा। नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने से पहले खाली पदों दिखाई जाए एवं उन्हें भरा जाए। उन्होंने कहा कि अगर पॉलिसी नर्सिंग पर लागू हो तो अन्य महिला कर्मचारियों की तरह एक शिफ्ट 9 से 5 बजे में ही ड्यूटी दी जाए। ओटीपी सहमति के आधार पर और केवल खाली पदों पर लागू होनी चाहिए।

गृह जिला देने की मांग

सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स सरला कुमारी व सुषमा ने नई भर्ती पर मेवात, पलवल में पहले से कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स को उनका गृह जिला देने, जिला अस्पताल में रोटेशन ड्यूटी जिले की सीमा के अंदर ही होने, म्यूच्युअल ट्रांसफर (आपसी सहमति) का विकल्प रखने व ड्रेस एवं वाशिंग अलाउंस के 1150 रुपये प्रतिमाह का एक साल से बकाया देने की मांग की। नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार से अनुरोध किया कि नर्सिंग कैडर की विशेष परिस्थिति (शिफ्टिंग ड्यूटी, महिला सुरक्षा) को देखते हुए पॉलिसी पर पुनर्विचार किया जाए, जिस विभाग में 24 घंटे काम और ड्यूटी चलती हो, उसमें ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी नहीं थोपी जा सकती। ट्रांसफर पॉलिसी भले ही ऑनलाइन हो, लेकिन ट्रांसफर लेना स्टाफ की स्वेच्छा पर होना चाहिए। इसके साथ ही नर्सिंग ऑफिसर्स ने बताया कि पूरे हरियाणा में कहीं पर भी नर्सिंग ऑफिसर के लिए कैंपस सुविधा नहीं, नर्सिंग कैडर महिला कैडर और इतनी महिलाओं को एक साथ बेघर करने की तैयारी गलत ऑनलाइन ट्रांसफर से सेमेस्टर के बीच में बच्चों के लिए स्कूल या कॉलेज में एडमिशन की समस्या उत्पन्न होगी।

अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी में द वर्चुओसोज टीम प्रथम और द पायनियर्स द्वितीय

- अलार संस्थान में विद्यार्थियों की भाषाई दक्षता और तार्किक क्षमता बढ़ाने के लिए करवाई प्रश्नोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



दादरी स्थित अलार संस्थान में विद्यार्थियों की भाषाई दक्षता, तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रश्नोत्तरी में छह टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रश्न मुख्य रूप से अंग्रेजी व्याकरण, शब्दावली और भाषा कौशल से संबंधित रहे।

प्रतिभागियों ने प्रत्येक चरण में सूझबूझ के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए और अपनी भाषाई दक्षता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में द वर्चुओसोज टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द पायनियर्स टीम द्वितीय और द लॉरेल्स टीम तृतीय स्थान पर रही।

विजेता टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण श्योराण ने विजेता टीमों सहित सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के साथ उनकी भाषा दक्षता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को मजबूत करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

वोट चोरी का सवाल लोकतंत्र की नींव से जुड़ा मुद्दा : अशोक बुवानीवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- मतदान का अधिकार लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण बुनियाद



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक बुवानीवाला ने मतदाता सूचियों और चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण बुनियाद है। यदि किसी मतदाता के मन में अपने वोट की सुरक्षा और उसके सही तरीके से दर्ज होने को लेकर संदेह पैदा होता है तो यह केवल किसी राजनीतिक दल का विषय नहीं रह जाता, बल्कि चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा सवाल बन जाता है। बुवानीवाला ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का अपना महत्व है। ऐसे में मतदाता सूची में किसी वास्तविक मतदाता का नाम हटने, गलत तरीके से नाम जुड़ने, एक ही व्यक्ति के नाम की एक से अधिक प्रविष्टियां होने अथवा पात्र मतदाता का नाम सूची से गायब होने जैसी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर तथ्यों को सार्वजनिक किया जाना जरूरी है, ताकि मतदाताओं के बीच किसी प्रकार का भ्रम या अविश्वास न रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाता सूचियों की शुद्धता का मुद्दा उठाती रही है। हाल के समय में पार्टी की ओर से कथित 'वोट चोरी' और मतदाता सूची से संबंधित मुद्दों को लेकर विभिन्न स्तरों पर सवाल उठाए गए हैं। बुवानीवाला ने कहा कि इन आरोपों पर राजनीतिक बहस के साथ-साथ संबंधित संवैधानिक संस्थाओं और निर्वाचन अधिकारियों को तथ्यों के आधार पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

मंगल मार्केट में 11 को होगा सर्वसमाज मिलन समारोह

चरखी दादरी। भगवान परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे मंगल मार्केट पुराना बस स्टैंड में विशाल सर्व समाज मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। दादरी विधायक सुनील सतपाल सांगवान, बाढड़ा विधायक उमेद सिंह पातुवास सहित कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मास्टर हरीश शर्मा बीजना करेंगे। कार्यक्रम में सरपंचों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और 36 बिरादरी के गणमान्य लोगों की भागीदारी रहेगी। सोमवार को सुधीर शर्मा चांदवास व शशिकांत भारद्वाज ने सांवड़ पहुंचकर ग्रामीणों को समारोह का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि समारोह का उद्देश्य सर्व समाज समरसता, सेवा संकल्प और स्वच्छता का संदेश देना है। भगवान परशुराम को न्याय, धर्म और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि समिति भाईचारे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

आंगन मिलन कार्यक्रम में गोद भराई रेसिपी कंपटीशन बना आकर्षण का केंद्र

भिवानी। महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा की ओर से सोमवार को निनान स्थित राजीव गांधी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी किरण तथा सुपरवाइजर काफी भाटिया के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्र में बाल विकास, महिला स्वास्थ्य और सामुदायिक जागरूकता की एक नई मिसाल पेश की। इस दौरान महिलाओं व अभिभावकों को संतुलित आहार के चयन, समय पर टीकाकरण कराने तथा दैनिक जीवन में साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सुपरवाइजर काफी भाटिया ने आंगनबाड़ी केंद्रों की बहुआयामी भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर पौष्टिक आहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक जीवंत रेसिपी कंपटीशन का भी आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय सामग्रियों से तैयार पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेखा राघव, जिला संयोजक शकुंतला, सरपंच प्रतिनिधि, सज्जन कौर सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।



भिवानी। निनान गांव में आंगनबाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

शिकायतकर्ता को समाधान की स्पष्ट जानकारी दें अधिकारी: डीएमसी

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। डीएमसी हरबीर सिंह ने शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर एटीआर डालने से पहले शिकायतकर्ता को फोन करके स्पष्ट रूप से बताया जाए कि समाधान में कितना समय लगेगा। शिविर में ढाणा लाडनपुर की रामरति ने किसान सम्मान निधि की बकाया राशि दिलवाने, शहर निवासी दयानंद ने जैन हाई स्कूल के पास गली नंबर-2 से अवैध कब्जा हटवाने, सेक्टर-13 निवासी संदीप ने बिजली निगम से संबंधित सही कार्य करवाने, शांति नगर निवासी कृष्ण कुमार ने अतिक्रमण हटवाने तथा कोंट रोड निवासी शबनम ने बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेज दिलवाने, गांव घुसकानी निवासी लक्ष्मण सिंह ने गंदे पानी की निकासी की समस्या रखी। गांव सांगा निवासी जितेंद्र ने आने-जाने के रास्ते से ट्यूबवेल हटवाने, विकास नगर निवासी मुनीष कुमार ने भरे हुए चालान को ऑनलाइन पोर्टल से हटवाने, गांव झरवाई निवासी रवि कुमार ने गांव के समीप स्थित ठेके को हटवाने तथा बैंक कॉलोनी निवासी राजेंद्र ने बस स्टैंड से बाएं पास चौक हाईवे तक दोनों तरफ की काबली कीकर कटवाने और सड़के के दोनों ओर लगे कचरे के ढेर हटवाने की शिकायत दी।

समाधान शिविर में शिकायतों का मौके पर हो रहा समाधान

- एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखी दादरी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

स्थानीय लघु सचिवालय सभागार में उपायुक्त मनदीप कौर के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के निपटारे की प्रभावी पहल है, जिसका उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उन्हें शीघ्र राहत उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि शिविर प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी मिलने से लोगों को सुविधा मिल रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में अनावश्यक देरी न हो और निर्धारित समय में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

गांव नूनसर में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करवाई

बहल। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से नूनसर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुपरवाइजर वंदना की देखरेख में किया गया।

इस दौरान गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा रानी ने गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गांव की सरपंच सुषमा यादव भी मौजूद रहीं।

स्थापना दिवस पर कर्मियों ने हक की आवाज बुलंद रखने का लिया संकल्प

चरखी दादरी। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन दादरी संबंधित संयुक्त कर्मचारी संघ की जन स्वास्थ्य शाखा की ओर से सोमवार को यूनियन का 59वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान सुरेंद्र सांगवान ने की, जबकि मंच संचालन ब्रांच सचिव कर्मवीर सांगवान ने किया। ब्रांच प्रधान सुरेंद्र सांगवान ने बताया कि यूनियन की स्थापना 5 अक्टूबर 1967 को हुई थी। उन्होंने संगठन के संघर्षों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1993, 1996 व 2003 में रेगुलराइजेशन सहित कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां कर्मचारियों की एकजुटता और संघर्ष का परिणाम रही हैं। सांगवान ने कहा कि संगठन भविष्य में भी कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाता रहेगा। सभा में एचकेआरएन कर्मचारियों को पोर्टल पर चढ़ने में आ रही समस्याओं का समाधान करने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने, एलटीसी का समय पर भुगतान करने तथा कैशलैस मेडिकल सुविधा को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों का समाधान प्रभावी निर्णय लेकर धरातल पर लागू किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला प्रधान जयप्रकाश पुनिया, जिला कार्यकारिणी सदस्य पूनम, मुख्य सलाहकार चंद्रलाल, शीला, कार्यालय सचिव धर्मेंद्र, प्रेस सचिव राजेंद्र सांगवान, कैशियर कुंदन लाल, पूर्व कैशियर जयप्रकाश यादव, राजसिंह आदि मौजूद रहे।



चरखी दादरी। बैठक को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता।

पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने 59वां स्थापना दिवस मनाया

- कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

सोमवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी सम्बन्धित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ का 59वां स्थापना दिवस जल घर झांवरी पर शाखा तोशाम के कर्मचारियों ने धूमधाम से मनाया। इस दौरान संगठन के लिए अपना बलिदान न्यौछावर करने वाले शहीद साथियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्य मुख्य प्रैस सचिव संदीप गौड़ ने सभी कर्मचारियों को संगठन के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कर्मचारियों को संगठन के साथ एक सूत्र में रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने हरियाणा सरकार से लम्बित पड़ी कर्मचारियों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान करने की अपील की। मुख्य मांगें हरियाणा कौशल रोजगार निगम, टर्म अम्पाईंटी, अन्य सोर्स के तहत लगे कर्मचारियों को नौकरी की जॉब सुरक्षा गारंटी जल्द से जल्द दी जाये व सम्मान काम सम्मान वेतन दिया जाए। इस मौके पर धर्मबीर जैनावास, बंशीलाल, जयलाल, धर्मबीर भेरा, लज्जेराम, संदीप, संजय, अनिल, अशोक, रविन्द्र, अशोक, प्रीतम, संजय, रमेश, महाबीर, सत्यवान, आत्मा राम, राजेन्द्र, राकेश, मनबीर, विनोद, मुकेश, राममेहर, नरेश, बन्ने सिंह, प्रकाश, विजेन्द्र, राम विकास आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष ने की 15 मामलों की सुनवाई

एससी आयोग हर मामले पर करता है गंभीरता से सुनवाई: रेनू

आठ शिकायतों की अगली सुनवाई पंचकूला में आयोग के कार्यालय में होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। डीआरडीए हॉल में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष रेनू डाबला। फोटो :हरिभूमि

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए कॉफ्रेंस हॉल में हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष रेनू डाबला ने आयोग से संबंधित विभिन्न मामलों की सुनवाई की। आयोग की तरफ से सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष आमंत्रित किए गए। उन्होंने अनुसूचित जाति से संबंधित कुल 15 मामलों को सुना। दो शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। सुनवाई में पहुंचे तीन मामलों में पहले ही राजीनामा हो चुका था, जबकि दो मामलों में आरोपी पक्ष के उपस्थित नहीं होने के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। शेष आठ शिकायतों की अगली सुनवाई पंचकूला में आयोग के कार्यालय में होगी।

इस दौरान डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों को

आयोग का पीड़ित पक्ष को न्याय दिलवाना

उन्होंने कहा कि एट्रोसिटी से जुड़े मामलों में केवल एक स्तर की जांच के आधार पर निर्णय नहीं लिया जाता। धरातल स्तर पर विभिन्न स्तरों से जांच करवाकर तथ्यों का मिलान किया जाता है। इसके बाद संबंधित डीएसपी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं। दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त अवसर दिया जाता है। आवश्यकता अनुसार नोटिस जारी कर निर्धारित समय में उपस्थित होने के निर्देश दिए जाते हैं और दस्तावेजों व जांच रिपोर्ट का सत्यापन करने के बाद अगली सुनवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य प्रत्येक मामले में तथ्यों की निष्पक्ष जांच करवाकर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाना है। शिकायतों की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को पूरा अवसर दिया जाता है और सभी तथ्यों की जांच के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाता है।

गंभीरता से लेता है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि शोषण या किसी भी तरह के अत्याचार से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करे और सरकार द्वारा पीड़ित व्यक्ति को प्रदान की जाने वाली सहायता राशि निर्धारित समयावधि में दी जाए। मामलों की सुनवाई के रडाबला ने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग के समक्ष लंबे समय से लंबित शिकायतों की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जा रही है, ताकि लंबित मामलों का समाधान हो सके। आयोग द्वारा जिला वाइज मामलों की जांच कर प्राथमिक स्तर पर ही शिकायतों का समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

ये रहे मौजूद

इस दौरान एसडीएम महेश कुमार, डीएसपी महेश कुमार, जिला कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार, सीडीपीओ किरण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रजापत, जिला महामंत्री रमेश पचरेवाल, धीरज शर्मा बापोड़ा के अलावा संबंधित विभिनों के अधिकारी मौजूद रहे।